b

स०सं०–2/पेन–116/2023–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक,
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : डा० विजय कुमार झा, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, एस०एन०सी०यू०, सिविल सर्जन, कार्यालय, जहानाबाद के पेंशन/उपदान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि डा० विजय कुमार झा, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, एस०एन०सी०यू०, सिविल सर्जन, कार्यालय, जहानाबाद के दिनाक–31.07.2023 को सेवानिवृत्ति के फलस्वरूप इन्हें अनुमान्य पेंशन/उपदान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(2) उक्त स्वीकृति विभागीय आदेश संख्या–903(3) दिनांक–02.12.2020 के आलोक में इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके कार्यकाल में लम्बित निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या–519/97–98 के अनुपालन के क्रम में अथवा अन्य किसी भी मामले में इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली/गबन/दुर्विनियोग आदि का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी तथा साथ ही इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकेगी।

(3) इस पत्र के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक संलग्न हैं :–

(i) पेंशन प्रपत्र दो प्रति में
(ii) संयुक्त फोटो
(iii) हस्ताक्षर का नमूना
(iv) पारिवारिक सदस्यों की सूची
(v) सेवा इतिहास
(vi) प्रभार रिपोर्ट
(vii) विभागीय बकाया रहित प्रमाण–पत्र
(viii) वेतन पूर्जा
(ix) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, जहानाबाद द्वारा निर्गत मॉग रहित प्रमाण पत्र।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए ।

**विश्वासभाजन,**
**ह0/–**
**(विनोद कुमार पाठक)**

**ज्ञापांक–2/पेन–116/2023–** 1307(2) **पटना, दिनांक** 15/6 **/ 2026**

**प्रतिलिपि :** असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

साथ ही डा० विजय कुमार झा का दीर्घकालीन बाकी/बेबाकी प्रमाण–पत्र सीधे महालेखकार, बिहार को भेजते हुए इसकी सूचना विभाग को भी दी जाय।

**प्रतिलिपि :** जिला कोषागार पदाधिकारी, जहानाबाद/डा० विजय कुमार झा, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, एस०एन०सी०यू०, सिविल सर्जन, कार्यालय, जहानाबाद पत्राचार का पता–203, के०डी० बिहार अपाटमेन्ट, पो०–पूर्वी बोरिंग कैनाल, थाना–पूर्वी बोरिंग कैनाल, जिला–पटना, पिन–800001/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09(A), 09(B), 17 एवं 18(A) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आई० टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

11/6/26

**सरकार के उप सचिव**

D>Sec-2>2026>PEN 2026